महिला कॉन्स्टेबल की शिकायत पर हेड कॉन्स्टेबल पर केस दर्ज कर किया लाइन अटैच

- पीछा करने, कार में बंधक बनाकर शादी का दबाव बनाने और मारपीट के आरोप
- इंदौर में एफआईआर, देवास एसपी ने शुरू कराई विभागीय जांच

नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस विभाग के एक हेड कॉन्स्टेबल के खिलाफ महिला कॉन्स्टेबल की शिकायत पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने से महकमे में हड़कंप मच गया है. बाणगंगा पुलिस ने देवास औद्योगिक थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल राहुल शर्मा के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने, धमकी देने, कार में बंधक बनाकर शादी का दबाव बनाने और मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है. मामले की जानकारी मिलते ही देवास पुलिस अधीक्षक ने राहुल शर्मा को तत्काल लाइन अटैच कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं.

महिला कॉन्स्टेबल ने अधिकारी को की शिकायत में बताया है कि करीब एक वर्ष पहले देवास में पदस्थापना के दौरान उसकी राहुल शर्मा से पहचान हुई थी. शुरुआती बातचीत के बाद आरोपी लगातार फोन कर शादी का दबाव बनाने लगा. मना करने के बावजूद वह अलग अलग नंबरों से कॉल करता रहा, पीछा करता था और कथित रूप से मानसिक रूप से परेशान करता रहा. इससे परेशान होकर महिला ने देवास से इंदौर तबादला करा लिया, लेकिन आरोप है कि इसके बाद भी राहुल शर्मा उसकी गतिविधियों पर नजर रखता रहा और लगातार संपर्क करने की कोशिश करता रहा. शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी कई बार आत्महत्या करने की धमकी देकर महिला पर बात करने का दबाव बनाता था. एक बार वह सरकारी अस्पताल तक पहुंच गया, जहां महिला ड्यूटी के दौरान एक प्रकरण में मेडिकल कराने गई थी. वहां भी उसने उससे बातचीत करने का प्रयास किया और विवाद किया.

जबरन कार में बैठा लिया

महिला का आरोप है कि कुछ दिन पहले राहुल शर्मा ने बाणगंगा क्षेत्र में उसे जबरन अपनी कार में बैठा लिया. कार के दरवाजे लॉक कर उसका मोबाइल छीन लिया और शादी करने का दबाव बनाया. विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई. इसी दौरान महिला की मां का फोन आया, जिस पर उसने किसी तरह पूरी घटना की जानकारी दी. सूचना मिलते ही महिला के पिता और भाई मौके पर पहुंच गए. उन्हें आता देख आरोपी कथित रूप से कार लेकर वहां से फरार हो गया. घटना के बाद महिला कॉन्स्टेबल ने बाणगंगा थाना प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया.

शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है...

महिला कॉन्स्टेबल की शिकायत के आधार पर राहुल शर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

– बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर

आरोपी को लाइन अटैच किया है...

इंदौर में प्रकरण दर्ज होने की सूचना मिलते ही हेड कॉन्स्टेबल राहुल शर्मा को तत्काल लाइन अटैच कर दिया है. पूरे मामले की विभागीय जांच एसडीओपी बागली को सौंपी गई है. आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला.

– देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद

सोशल मीडिया पर चाकू की नुमाइश पड़ी भारी, दो युवक धराए

- रील बनाकर किया था हथियार का प्रदर्शन
- पुलिस ने दबिश देकर दोनों को पकड़ा, चाकू जब्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. सोशल मीडिया पर धारदार चाकू के साथ रील बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश करने वाले दो युवकों को हीरानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों के कब्जे से एक-एक स्प्रिंग वाला धारदार चाकू बरामद किया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

हीरानगर थाना क्षेत्र में संदिग्धों और बदमाशों की चेकिंग के दौरान सुखलिया में रहने वाले उदय तिवारी उम्र 20 साल और कान्हा उर्फ कृष्णा शर्मा उम्र 19 साल पुलिस टीम को देखकर भागने लगे. घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया. तलाशी में उनके पास से अवैध स्प्रिंग वाले चाकू मिले, जिनके संबंध में वे कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके. जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने हाल ही में चाकू लहराते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी. दोनों के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं. फिलहाल यह भी जांच की जा रही है कि वे किसी वारदात की तैयारी में तो नहीं थे.

जाट गैंग के गुर्गे अब भी गिरफ्त से बाहर-इधर, कुछ दिन पहले होटल के कमरे में शराब के नशे में वीडियो बनाकर जान से मारने की धमकी देने वाले जाट गैंग के तीन बदमाश अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं. आरोपी पहले परदेशीपुरा क्षेत्र में सक्रिय थे और बाद में लसूड़िया इलाके में शिफ्ट हो गए. उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.

अपराधियों के खिलाफ शुरू किया सख्त अभियान...

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराधियों और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर दहशत फैलाने वालों पर भी पुलिस की नजर है. दोनों आरोपियों के कब्जे से स्प्रिंग वाले धारदार चाकू बरामद किए हैं. उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है और क्षेत्र में इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी.

3 साल तक जेल में रहने के बाद हत्या के दो आरोपी बरी

- कोर्ट ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल

नव भारत न्यूज

इंदौर. धार रोड स्थित राधा नगर में हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में करीब तीन साल जेल में रहने के बाद दो आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस विवेचना में गंभीर खामियां पाते हुए माना कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में असफल रहा.

अभियोजन के अनुसार, 9 जुलाई 2023 की रात करीब 10.30 बजे राधा नगर स्थित मैदान में कलाली के पास कमल की ईंट पत्थरों से हमला कर हत्या कर दी गई थी. मामले में चंदन नगर पुलिस ने कान्हा भावर और रवि मेड़ा को गिरफ्तार किया था. पुलिस का दावा था कि शराब पीने के दौरान एक आरोपी की मां से कथित संबंधों को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया. मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोनों आरोपी 2 वर्ष 11 माह 17 दिन जेल में रहे. ट्रायल के दौरान एफएसएल जांच, जब्ती और विवेचना से जुड़े साक्ष्यों में कई खामियां सामने आईं. अदालत ने माना कि पुलिस आरोपों के समर्थन में पर्याप्त और ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर सकी, जिससे अभियोजन का मामला संदेह से परे साबित नहीं हुआ. इसी आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश अयाज मोहम्मद की अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया. आरोपियों की ओर से अधिवक्ता कपिल शुक्ला और नीलेश चौहान ने पैरवी की.

दंपति की बाइक को युवती ने मारी टक्कर, पति की मौत

- हादसे के बाद युवती को छोड़कर फरार हुआ साथी

नव भारत न्यूज

इंदौर. जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों और घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई. सांवेर में नुक्ते के कार्यक्रम में जा रहे दंपति की बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिसमें पति की मौत हो गई. वहीं देपालपुर में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी, जबकि आजाद नगर क्षेत्र में बायपास पर अचेत मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई.

सांवेर पुलिस के मुताबिक, कालिंदी गोल्ड निवासी 60 वर्षीय मनोहर वर्मा पत्नी रेखा और बेटी मीनाक्षी के साथ बाइक से रिश्तेदार के यहां नुक्ते के कार्यक्रम में जा रहे थे. ग्राम तराना के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में मनोहर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और बेटी घायल हो गईं. परिजनों का आरोप है कि दूसरी बाइक एक युवती चला रही थी और उसके पीछे युवक बैठा था. हादसे के बाद युवक युवती को मौके पर छोड़कर फरार हो गया. घायल युवती को अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण रॉन्ग साइड से वाहन चलाना माना जा रहा है. पुलिस फरार युवक की तलाश कर रही है.

सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिले युवक की मौत

वहीं देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अटाहेड़ा निवासी राहुल यादव ने जहरीला पदार्थ खा लिया. परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. एक अन्य मामले में आजाद नगर पुलिस के मुताबिक दो दिन पहले जयराम तौलकांटे के पास अंकित पिता किरपाल सिंह, निवासी ग्राम चिरकी, हाटपीपल्या (देवास), सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिला था. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस को आशंका है कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी थी. मामले में अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है.

एक नजर में

नि:शुल्क कॉपी वितरण और मेधावी छात्र सम्मान समारोह आज

महू. असहाय एवं अभावग्रस्त विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति समर्पित सामाजिक संस्था वात्सल्य द्वारा नि:शुल्क अभ्यास पुस्तिका वितरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन शुक्रवार को होने जा रहा है. संस्था द्वारा यह पूरा अभियान कुल चार चरणों में चलाया जा रहा है. संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण का यह भव्य आयोजन स्टेशन रोड स्थित चोपड़ा वाटिका में प्रात: 10.30 बजे से शुरू होगा. इस दौरान क्षेत्र के 8 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के 200 जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया जाएगा, इस अवसर पर एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की मुख्य परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर टॉप करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा. संस्था की ओर से इन टॉपर विद्यार्थियों को गौरव पत्र और प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी. संस्था ने क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और शिक्षा प्रेमियों से कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति की अपील की है.

1100 सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ संपन्न, बारिश में भी उमड़े श्रद्धालु

महू. श्री रामा सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति रामादल द्वारा वार्ड 7 स्थित सरवन मोहल्ला चौराहा पर 1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ संकल्प का भव्य आयोजन किया गया. समिति के संस्थापक अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में गिरती बारिश के बावजूद सैकड़ों सनातनी महिला-पुरुष और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूरनलाल प्रजापति, नवीन कश्यप और अशोक जैसवार द्वारा भारत माता एवं राम दरबार के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई. इस मौके पर युवा समाजसेवी अमन प्रजापति ने सनातनी संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला. प्रसिद्ध श्री चक्की वाले बाबा सुंदरकांड मंडल के गायक राकेश चौहान और पवन गुप्ता ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी. महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम, गौतम, सतीश, सूरज, चेतन, लक्की सहित रामादल के कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा. संचालन नवीन कश्यप ने किया एवं आभार विशाल प्रजापति ने माना.

भाटखेड़ी में कल होगी महिलाओं की 'वोकल क्वींस' संगीत संध्या

महू. स्वरम संकल्प म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में शनिवार 11 जुलाई को शाम 7 बजे से एक विशेष संगीत सभा का आयोजन किया जा रहा है. मातृशक्ति एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित वोकल क्वींस इवनिंग संगीत संध्या का यह भव्य आयोजन भाटखेड़ी स्थित मां विंध्यवासिनी टाउनशिप के स्वरम संकल्प संगीत हॉल में होगा. स्वरम संकल्प म्यूजिकल ग्रुप के संस्थापक केपी सिंह ने बताया कि इस अनूठे कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह है कि मंच पर केवल महिला गायिकाएं ही अपने मधुर एवं मनमोहक गीतों की प्रस्तुतियां देंगी. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला प्रतिभाओं को एक सम्मानजनक मंच प्रदान करना, उनकी कला का गौरव बढ़ाना और समाज में नारी सम्मान का संदेश प्रसारित करना है. ग्रुप की सह-संस्थापिका श्रीमती रेनू सिंह ने क्षेत्र के सभी संगीत प्रेमियों और प्रबुद्ध नागरिकों से इस गरिमामय आयोजन में सहभागी बनकर महिला कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है.

मोबाइल हैक कर बुजुर्ग महिला के खाते से 4.80 लाख उड़ाए

इंदौर. साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के बैंक खाते से 4 लाख 80 हजार 749 रुपए निकाल लिए. मामले में सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जूनी इंदौर में रहने वाले सूरज मंघवानी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी मां कृष्णा मंघवानी उम्र 70 साल के एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के जवाहर मार्ग स्थित खाते से साइबर ठगों ने उनके लिंक्ड मोबाइल नंबर को हैक कर कई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर दिए. 24 जनवरी को मोबाइल पर लगातार डेबिट मैसेज आए, जिनमें 99,999 रुपए, 1 लाख रुपए, 50 हजार रुपए सहित कई ट्रांजेक्शन के जरिए 4,80,749 रुपए खाते से निकाल लिए. फरियादी ने पुलिस को बताया कि इससे पहले 20 जनवरी को भी खाते से 1.50 रुपए बिना जानकारी के डेबिट हुए थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू कर दी है.

कार की टक्कर से एक्टिवा सवार दो युवक घायल-इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने सामने से एक्टिवा को टक्कर मार दी. हादसे में दो युवक घायल हो गए. ग्राम चोरल स्थित सैनी ढाबे के सामने हुंडई वर्ना कार नम्बर जीजे 04 सीए 2025 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक्टिवा एमपी 09 यूएल 1983 को टक्कर मार दी. दुर्घटना में विजय के हाथ के अंगूठे और पैर में, जबकि गौरव गुप्ता के कूल्हे, घुटने और पैर में चोटें आईं. सिमरोल पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

चेन लूटकर भागे बदमाशों का लोगों ने किया पीछा, हथियार दिखाकर हुए फरार

- राजमोहल्ला में जैन मंदिर जा रही बुजुर्ग महिला बनी निशाना

नव भारत न्यूज

इंदौर. राजमोहल्ला क्षेत्र में गुरुवार सुबह जैन मंदिर जा रही एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार तीन बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली. वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन आरोपियों ने हथियार दिखाकर उन्हें डरा दिया और एमओजी लाइन की ओर फरार हो गए.

मल्हारगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली इंदिरा जैन सुबह करीब साढ़े सात बजे वैष्णव स्कूल के सामने स्थित जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं. मंदिर के पास पहुंचते ही

बाइक पर सवार तीन बदमाश उनके नजदीक पहुंचे. पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन तोड़ ली और तीनों आरोपी तेज रफ्तार से भाग निकले. महिला के शोर मचाने पर आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर बदमाशों के पीछे दौड़ पड़े. कुछ दूरी तक पीछा करने के बाद खुद को घिरता देख आरोपियों ने हथियार निकालकर लोगों को धमकाया. हथियार देखकर लोगों को रुकना पड़ा और इसी का फायदा उठाकर बदमाश एमओजी लाइन की ओर फरार हो गए. सूचना मिलते ही मल्हारगंज पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल और आरोपियों के भागने के संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है.

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि चेन स्नेचिंग का प्रकरण दर्ज कर लिया है, आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है. जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

साइकिल सवार बच्चे को टक्कर मारने के बाद खुद अस्पताल ले गए

- हादसे का सीसीटीवी फुटेज जांच के दायरे में

नव भारत न्यूज

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र के नगीन नगर में बुधवार दोपहर साइकिल सवार 13 वर्षीय बच्चे को बाइक ने टक्कर मार दी. हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन बाइक सवार युवक मौके से भागने के बजाय स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज किया जा रहा है. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है.

13 वर्षीय हर्ष नामदेव बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे साइकिल से नगीन नगर क्षेत्र से गुजर रहा था. इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवकों के वाहन की उससे टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि हर्ष सड़क पर गिर पड़ा और सिर में गंभीर चोट लगने से बेहोश हो गया. हादसे के बाद आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े. बाइक सवार दोनों युवक भी मौके पर रुके रहे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायल हर्ष को तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है. सूचना मिलते ही एरोड्रम पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के पिता कुंदन नामदेव के बयान दर्ज किए. घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगे हैं. फुटेज के आधार पर हादसे की परिस्थितियों और बाइक चालक की भूमिका की जांच की जा रही है. एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के अनुसार, दुर्घटना के संबंध में जांच जारी है, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

एक आदेश में 166 स्वास्थ्यकर्मियों के अटैचमेंट खत्म, जिला अस्पताल में होंगे तैनात

- नई बिल्डिंग शुरू करने की तैयारी तेज
- डॉक्टरों से लेकर नर्सिंग स्टाफ और वार्ड बॉय तक को तत्काल ज्वाइनिंग के निर्देश

नव भारत न्यूज

इंदौर. नई जिला अस्पताल बिल्डिंग को जल्द शुरू करने की तैयारी में स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया. विभाग ने वर्षों से जिले के अलग-अलग अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में अटैच चल रहे 166 स्वास्थ्यकर्मियों की अटैचमेंट एक झटके में समाप्त कर दी. सभी कर्मचारियों को तत्काल जिला अस्पताल में कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए हैं. इस फैसले के बाद स्वास्थ्य विभाग में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा. जिन कर्मचारियों को जिला अस्पताल भेजा है, उनमें डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन, लैब असिस्टेंट, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, बीईई, डार्क रूम अटेंडेंट, वार्ड बॉय और स्वीपर सहित विभिन्न श्रेणियों का स्टाफ शामिल है. यह कर्मचारी लंबे समय से जिले के अलग अलग अस्पतालों, संजीवनी केंद्रों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में अटैच होकर सेवाएं दे रहे थे. स्वास्थ्य विभाग के इस फैसले को नई जिला अस्पताल बिल्डिंग में जल्द स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करने की कवायद से जोड़कर देखा जा रहा है. विभाग का मानना है कि पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध होने के बाद अस्पताल का संचालन तय समय पर शुरू किया जा सकेगा.

नई बिल्डिंग तैयार है...

नई जिला अस्पताल बिल्डिंग में जल्द स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जानी हैं. इसी को देखते हुए आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अटैचमेंट समाप्त कर सभी कर्मचारियों को जिला अस्पताल में पदस्थ किया है, सभी को तत्काल ज्वाइन करने के निर्देश दिए हैं.

– डॉ. माधव हसानी, सीएमएचओ

एक नजर में

नावदा में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, मुक्त कराई गई जमीन पर बनाया जाएगा पावर ग्रिड

20 करोड़ की 20 बीघा सरकारी जमीन अवैध कब्जे से कराई मुक्त

महू. प्रशासन ने भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को महू तहसील के नावदा गांव में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. महू एसडीएम राकेश परमार के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य की 20 बीघा सरकारी जमीन को भू-माफिया के चंगुल से पूरी तरह मुक्त करा लिया है.

महू एसडीएम राकेश परमार ने बताया कि नावदा गांव की सरकारी राजस्व भूमि पर अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें मिल रही थीं. राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट के बाद गुरुवार को तहसीलदार विवेक सोनी, पटवारी, राजस्व अमले और भारी पुलिस बल के साथ टीम मौके पर पहुंची. गांव के बदमाश हेमंत चौहान के परिवार ने इस सरकारी जमीन पर टीन शेड, पक्के निर्माण और अस्थायी ढांचे बनाकर कब्जा कर रखा था. प्रशासन ने जेसीबी की मदद से भीतर सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया. इस दौरान जमीन पर कब्जा कर उगाई गई फसल को भी जमींदोज कर दिया गया.

फिलहाल ग्राम पंचायत को सौंपी जमीन

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, कब्जा मुक्त कराई गई इस कीमती जमीन को फिलहाल स्थानीय ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया है. आगामी दिनों में इस भूमि को पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को हस्तांतरित किया जाएगा. यहाँ एक अत्याधुनिक पावर ग्रिड का निर्माण होना प्रस्तावित है, जिससे आने वाले समय में पूरे क्षेत्र की विद्युत अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी और स्थानीय निवासियों को बिजली कटौती या लो-वोल्टेज की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी. कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा.